प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 24 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, सारंडा का 314 दशमलव छह आठ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने पर सहमति, निकाय चुनाव का रास्ता साफ।

2. घाटशिला उपचुनाव को लेकर झामुमो केन्द्रीय समिति की बैठक आज, प्रत्याशी के नाम पर बन सकती है सहमति, भाजपा में भी उम्मीदवार चयन पर मंथन जारी।

3. नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षाबलों को एक और सफलता, लातेहार में प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के तीन सदस्य गिरफ्तार।

4. रांची में प्रथम धरती आबा आदिवासी फिल्म फेस्टिवल शुरु, तीन दिनों में दिखायी जायेंगी आदिवासी केन्द्रित 52 फिल्में।

और

5. भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड ने दो स्वर्ण समेत जीते आठ पदक, रांची के पार्थ सिंह बने देश के बेस्ट एथलीट।

****

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार झारखंड सरकार ने राज्य के कोल्हान प्रमंडल स्थित सारंडा जंगल के 314 दशमलव छह आठ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल देर शाम आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सारंडा में रह रहे लोगों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

****

राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 2025 से कर्मियों को 55 की जगह 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान किया जायेगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए नगर निकाय चुनावों में आरक्षण की नई व्यवस्था लागू की गयी है। इससे राज्य में नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है।

****

घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री और झामुमो के अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने आज रांची में पार्टी की विस्तारित केन्द्रीय समिति की बैठक बुलाई है। बैठक में पार्टी प्रत्याशी के नाम पर सहमति बन सकती है। उधर, भाजपा में भी प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन का दौर जारी है।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस और सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है। लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी –टीएसपीसी के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के पास से पुलिस ने तीन पिस्तौल और 40 गोलियां सहित अन्य सामान बरामद किए हैं।

****

झारखंड के चर्चित लांजी जंगल आईईडी ब्लास्ट केस में फरार चल रहे भाकपा माओवादी संगठन के एक सहयोगी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी केरल के इडुक्की जिले से की गई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सावन टुटी उर्फ सबन टुटी है, जो झारखंड के सरायकेला–खरसावां जिले का रहने वाला है।

****

धनबाद में एसएसपी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद एसएसपी ने बताया कि सितंबर माह में पूरे जिले में कुल 708 कांड निष्पादित किए गए। अब जिले में लंबित मामलों की संख्या घटकर 2 हजार 488 रह गई है, जिसे दिसंबर माह के अंत तक दो हजार से नीचे लाने का लक्ष्य है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी जो पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है और इससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। आज प्रस्तुत है इन सुधारों को लेकर मिजोरम में सशक्त हो रहे विभिन्न उद्योगों के बारे में एक रिपोर्ट

****

धनबाद में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक के लिए यातायात पुलिस गंभीर है। इस सिलसिले में वाहन जांच अभियान तेज किया गया है।

****

राजधानी रांची के जनजातीय शोध संस्थान परिसर में प्रथम धरती आबा आदिवासी फिल्म फेस्टिवल शुरु हो गया है। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने किया। कल तक चलने वाले इस फिल्म फेस्टिवल में देशभर के कई नामचीन फिल्मकार भाग ले रहे हैं। इस दौरान 52 फिल्में दिखायी जायेंगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कल्याण मंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और बाकी महापुरुषों पर भी फिल्में आनी चाहिए।

****

बंगाल और इसके आसपास के इलाके में चक्रवाती हवा के सक्रिय होने से आज झारखंड के कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा।

****

ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण समेत कुल आठ पदक हासिल किये। रांची के पार्थ सिंह ने अंडर–20 कैटेगरी में देशभर में सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने जाने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। पार्थ ने चैंपियनशिप में कुल दो स्वर्ण पदक जीते, जो 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में हासिल हुए।

****

<u>और अब अख़बारों की सुर्ख़ियां</u>–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– निकाय चुनाव में ओबीसी को 14 प्रतिशत, एसटी–एससी को 36 प्रतिशत आरक्षण।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– निकाय चुनाव पर आयोग 10 नवंबर को रखेगा पक्ष।

प्रभात खबर झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखता है– ब्लड पॉलिसी लागू है, तो अस्पताल बिना डोनर के खून क्यों नहीं दे रहे।

दैनिग जागरण ने लिखा है– नौकरी छूटने के तीन साल बाद ही अब ईपीएफ पेंशन फंड से होगी निकासी।

****